





उप क्षेत्रीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम जालंधर और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जालंधर द्वारा दिनांक 28.11.2023 को सहायक निदेशक श्री दीपक कुमार की अध्यक्षता में मैसर्स संत वाल्व प्राइवेट लिमिटेड, जालंधर में 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम के तहत एक संयुक्त आउटरीच गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बीमित व्यक्तियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना था। इसी के साथ शाखा प्रबंधकों की अध्यक्षता में निम्नलिखित स्थानों पर 6 अन्य जागरूकता शिविर भी आयोजित किए गए:

1. मैसर्स ए.बी. शुगर लिमिटेड, शाखा कार्यालय होशियारपुर
2. एम.जी.एन. स्कूल, कपूरथला शाखा कार्यालय जालंधर
3. बाबा हज़ारा सिंह कॉलेज गुरदासपुर, शाखा कार्यालय बटाला
4. फ़ाइन स्विच, शाखा कार्यालय फगवाड़ा
5. एस.एम.डी.आर.एस.डी. कॉलेज, शाखा कार्यालय पठानकोट
6. उप्पल हॉस्पिटल, शाखा कार्यालय अमृतसर

कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया जिनकी समस्याओं को वहीं पर सुना गया और समाधान किया गया। मैसर्स संत वाल्व प्राइवेट लिमिटेड, जालंधर के श्री मुकेश राथोर (निदेशक), श्री भगवान सिंह(मानव संसाधन प्रबंधक), एवं श्री रवि शंकर( लेखाकार) भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर कंपनी के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को जागरूक करने के प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।